प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : **211-** 0653994

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2023

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2023

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**D**

विषय कोड :
**Subject Code : 211**

## SOCIAL SCIENCE
**( Compulsory )**

## सामाजिक विज्ञान
**( अनिवार्य )**

कुल प्रश्न : 80 + 32 = 112
**Total Questions : 80 + 32 = 112**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 48
**Total Printed Pages : 48**

(समय : 2 घंटे 45 मिनट)
[ Time : 2 Hours 45 Minutes ]

(पूर्णांक : 80)
[ Full Marks : 80 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidates must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।* **40 × 1 = 40**

*Question Nos. 1 to 80 have four options each, out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR sheet. Answer any 40 questions.*

*40 × 1 = 40*

1. किस आयोग / कमिटी ने सतत् पोषणीय विकास की अवधारणा प्रस्तुत की ?

(A) ब्रुन्टलैंड आयोग (B) ब्रेटन वुड्स कमिटी

(C) साइमन आयोग (D) जेनेवा आयोग

Which commission/committee introduced the concept of sustainable development ?

(A) Brundtland commission (B) Bretton Woods committee

(C) Simon commission (D) Geneva commission

2. निम्न में पुरानी जलोढ़ मिट्टी कौन है ?

(A) खादर (B) बांगर

(C) लेटेराइट (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following is old alluvial soil ?

(A) Khadar (B) Bangar

(C) Laterite (D) None of these

3. प्रथम राष्ट्रीय जल नीति क़ब लागू हुई ?

(A) अगस्त, 1980 (B) जुलाई, 1985

(C) सितम्बर, 1987 (D) अक्टूबर, 1990

When was the first National Water Policy implemented ?

(A) August, 1980 (B) July, 1985

(C) September, 1987 (D) October, 1990

4. जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?

(A) उत्तराखण्ड (B) गुजरात

(C) केरल (D) उत्तर प्रदेश

Where is Jim Corbett National Park located ?

(A) Uttarakhand (B) Gujarat

(C) Kerala (D) Uttar Pradesh



BiharboardQuestionpaper.com

5. भारत का सबसे छोटा जैव मंडल रिजर्व कौन-सा है ?

(A) सुन्दरवन (B) नन्दा देवी

(C) ग्रेट निकोबार (D) डिब्रु सैखोवा

Which is the smallest Biosphere Reserve in India ?

(A) Sunderbans (B) Nanda Devi

(C) Great Nicobar (D) Dibru Saikhowa

6. क्यूनाईन का उपयोग होता है

(A) मलेरिया में (B) कैंसर में

(C) दर्द निवारण में (D) टी.बी. में

Quinine is used for

(A) Malaria (B) Cancer

(C) Pain relief (D) T.B.

7. भारत में कितने सार्वजनिक क्षेत्र के तेल परिष्करण केन्द्र कार्य कर रहे हैं ?

(A) 16 (B) 18

(C) 20 (D) 23



BiharboardQuestionpaper.com

How many public sector oil refineries are working in India ?

(A) 16 (B) 18

(C) 20 (D) 23

8. भारत के प्रथम जल विद्युत संयंत्र की स्थापना कहाँ की गई ?

(A) शिवसमुद्रम (B) देहरादून

(C) शिमला (D) दार्जिलिंग

Where was India's first hydroelectric power plant established ?

(A) Shivasamudram (B) Dehradun

(C) Shimla (D) Darjeeling

9. भारत में रेलवे और टेलीग्राफ लाइन की शुरुआत किसके शासनकाल में हुई ?

(A) लार्ड लिटन (B) लार्ड डलहौजी

(C) लार्ड कर्जन (D) लार्ड डफरिन

In whose reign was the railway and telegraph line started in India ?

(A) Lord Lytton (B) Lord Dalhousie

(C) Lord Curzon (D) Lord Dufferin



BiharboardQuestionpaper.com

10 महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु कौन थे ?

(A) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (B) सत्येंद्रनाथ टैगोर

(C) गोपाल कृष्ण गोखले (D) मोतीलाल नेहरू

Who was the political guru of Mahatma Gandhi ?

(A) Surendranath Banerjee (B) Satyendranath Tagore

(C) Gopal Krishna Gokhale (D) Motilal Nehru

11. चौरी-चौरा हत्याकांड के बाद किस आंदोलन को स्थगित कर दिया गया ?

(A) असहयोग आंदोलन (B) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(C) खिलाफत आंदोलन (D) भारत छोड़ो आंदोलन

Which movement was suspended after the Chauri-Chaura incident ?

(A) Non-cooperation Movement

(B) Civil Disobedience Movement

(C) Khilafat Movement

(D) Quit India Movement

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

12. 'लाल कुर्ती' नामक संगठन का गठन किसने किया ?

(A) मेजिनी (B) खान अब्दुल ग़फ्फार खान

(C) सी. राजगोपालाचारी (D) सरदार वल्लभ भाई पटेल

Who formed the organization called 'Lal Kurti' ?

(A) Mazzini (B) Khan Abdul Ghaffar Khan

(C) C. Rajagopalachari (D) Sardar Vallabh Bhai Patel

13. लखनऊ समझौता किस वर्ष हुआ ?

(A) 1916 (B) 1918

(C) 1920 (D) 1922

In which year was the Lucknow pact signed ?

(A) 1916 (B) 1918

(C) 1920 (D) 1922

14. 'इंडियन स्टेट्यूटरी कमीशन' के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) जनरल डायर (B) विलियम हंटर

(C) रॉबर्ट ओवन (D) जॉन साइमन



BiharboardQuestionpaper.com

Who was the Chairman of 'Indian Statutory Commission' ?

(A) General Dyer (B) William Hunter

(C) Robert Owen (D) John Simon

15. स्वेज नहर को कब खोला गया ?

(A) 1828 (B) 1869

(C) 1914 (D) 1924

In which year was Suez Canal opened ?

(A) 1828 (B) 1869

(C) 1914 (D) 1924

16. भारत में प्रथम सूती वस्त्र उद्योग कहाँ स्थापित किया गया ?

(A) मुम्बई (B) चेन्नई

(C) कोलकाता (D) अहमदाबाद

Where was the first cotton textile industry established in India ?

(A) Mumbai (B) Chennai

(C) Kolkata (D) Ahmedabad



BiharboardQuestionpaper.com

17. कैगा परमाणु विद्युत गृह किस राज्य में स्थित है ?

(A) तमिलनाडु (B) कर्नाटक

(C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान

In which state is the Kaiga Atomic Power Station located ?

(A) Tamil Nadu (B) Karnataka

(C) Uttar Pradesh (D) Rajasthan

18. भारत के किस राज्य में सौर ऊर्जा के विकास की सर्वाधिक संभावनाएँ हैं ?

(A) असम (B) अरुणाचल प्रदेश

(C) राजस्थान (D) मेघालय

Which state of India has the most potential for the development of solar energy ?

(A) Assam (B) Arunachal Pradesh

(C) Rajasthan (D) Meghalaya

19. निम्न में से कौन रोपण फसल का उदाहरण है ?

(A) रबड़ (B) चाय

(C) गन्ना (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following is an example of a plantation crop ?

(A) Rubber (B) Tea

(C) Sugarcane (D) All of these

20. निम्न में से कौन दलहनी फसल वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण नहीं करती है ?

(A) चना (B) मटर

(C) मूँग (D) राजमा

Which of the following pulse crops does not fix the atmospheric nitrogen ?

(A) Gram (B) Pea

(C) Moong (D) Kidney bean

21. भारत में बफर स्टॉक कौन बनाता है ?

(A) भारतीय खाद्य निगम (B) खाद्य एवं कृषि संगठन

(C) संयुक्त राष्ट्र संघ (D) इनमें से कोई नहीं

Who creates buffer stock in India ?

(A) Food Corporation of India

(B) Food and Agriculture Organisation

(C) United Nations Organisation

(D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

22. भारतीय लोहा और इस्पात कम्पनी (IISCO) कहाँ स्थापित किया गया ?

(A) भद्रावती (B) दुर्गापुर

(C) सेलम (D) बर्नपुर

Where was the Indian Iron and Steel Plant established ?

(A) Bhadrawati (B) Durgapur

(C) Salem (D) Burnpur

23. मध्य रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) सिकंदराबाद (B) मुंबई

(C) चेन्नई (D) गोरखपुर

Where is the headquarters of central railway located ?

(A) Secunderabad (B) Mumbai

(C) Chennai (D) Gorakhpur

24. कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग इलाहाबाद को हल्दिया से जोड़ता है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 (B) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-2

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-3 (D) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-4



BiharboardQuestionpaper.com

Which National Waterway connects Allahabad to Haldia ?

(A) National Waterway No. 1 (B) National Waterway No. 2

(C) National Waterway No. 3 (D) National Waterway No. 4

25. निम्नलिखित में से किस समुदाय ने ब्रुसेल्स में बहुमत का गठन किया ?

(A) फ्रेंच भाषी समुदाय (B) डच भाषी समुदाय

(C) जर्मन भाषी समुदाय (D) डेनिश भाषी समुदाय

Which one of the following communities constituted majority in Brussels ?

(A) French speaking community

(B) Dutch speaking community

(C) German speaking community

(D) Danish speaking community

26. सरकार के उच्च और निम्न स्तरों के बीच शक्तियों के विभाजन को कहा जाता है

(A) क्षैतिज वितरण (B) समानांतर वितरण

(C) ऊर्ध्वाधर वितरण (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Division of powers between higher and lower levels of government is called

(A) Horizontal distribution (B) Parallel distribution

(C) Vertical distribution (D) None of these

27. निम्न में से कौन नगर निगम का प्रमुख है ?

(A) गृह मंत्री (B) राज्यपाल

(C) सरपंच (D) महापौर

Who among the following is the head of a Municipal Corporation ?

(A) Home Minister (B) Governor

(C) Sarpanch (D) Mayor

28. निम्न में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची में शामिल है ?

(A) बैंकिंग (B) व्यापार

(C) पुलिस (D) शिक्षा

Which one of the following subjects is included in the concurrent list ?

(A) Banking (B) Trade

(C) Police (D) Education



BiharboardQuestionpaper.com

29. राष्ट्रवादियों और यू०के० सरकार के बीच कब समझौता हुआ ?

(A) 1992 (B) 1995

(C) 1998 (D) 1999

When did the Nationalists and the UK government arrive at an agreement ? biharboardquestionpaper.com

(A) 1992 (B) 1995

(C) 1998 (D) 1999

30. नेपाल के किस राजा ने प्रजातांत्रिक शासन को स्वीकार करने से इंकार कर दिया ?

(A) राजा बीरेन्द्र (B) गिरिजा प्रसाद कोइराला

(C) राजा ज्ञानेन्द्र (D) राजा महेन्द्र

Which king of Nepal refused to accept democratic rule ?

(A) King Birendra (B) Girija Prasad Koirala

(C) King Gyanendra (D) King Mahendra

31. समकालीन विश्व में सरकार का सबसे लोकप्रिय रूप क्या है ?

(A) राजतंत्र (B) सैनिक शासन

(C) अधिनायकवाद (D) लोकतंत्र



BiharboardQuestionpaper.com

Which is the most popular form of government in the contemporary world ?

(A) Monarchy (B) Military rule

(C) Dictatorship (D) Democracy

32. निम्न में से किस देश में एक-दलीय प्रणाली है ?

(A) भारत (B) चीन

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D) इंग्लैंड

Which of the following countries has a one-party system ?

(A) India (B) China

(C) USA (D) England

33. निम्न में कौन-सा खाता विशेष रूप से व्यापारियों के लिए है ?

(A) स्थायी जमा (B) चालू जमा

(C) संचयी जमा (D) आवर्ती जमा

Which of the following accounts is exclusively for traders ?

(A) Fixed Deposit (B) Current Deposit

(C) Savings Deposit (D) Recurring Deposit



BiharboardQuestionpaper.com

34. मनरेगा कार्यक्रम की शुरुआत किस राज्य से हुई ?

(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार (D) आन्ध्र प्रदेश

MNREGA program was started from which state ?

(A) Rajasthan (B) Uttar Pradesh

(C) Bihar (D) Andhra Pradesh

35. औद्योगिक उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किस मानक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(A) एगमार्क (B) हॉलमार्क

(C) ISI मार्क (D) इनमें से कोई नहीं

Which standard mark is used to ensure the quality of industrial products ?

(A) Agmark (B) Hallmark

(C) ISI mark (D) None of these

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

36. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 15 मार्च (B) 24 दिसंबर

(C) 5 जून (D) 8 मार्च

When is the National Consumer Day celebrated ?

(A) 15th March (B) 24th December

(C) 5th June (D) 8th March

37. निर्यात संवर्द्धन क्षेत्र (EPZ) को निम्न में से किसमें बदल दिया गया है ?

(A) विशेष औद्योगिक क्षेत्र (B) विशेष संवर्द्धन क्षेत्र

(C) विशेष आर्थिक क्षेत्र (D) विशेष विकास क्षेत्र

Export Promotion Zone has been replaced by which of the following ?

(A) Special Industrial Zone (B) Special Promotion Zone

(C) Special Economic Zone (D) Special Development Zone

38. निम्न में से कौन-सी बेरोजगारी कृषि क्षेत्र में पाई जाती है ?

(A) छिपी बेरोजगारी (B) मौसमी बेरोजगारी

(C) (A) और (B) दोनों (D) संरचनात्मक बेरोजगारी



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following unemployments is found in agriculture sector ?

(A) Disguised unemployment (B) Seasonal unemployment

(C) Both (A) and (B) (D) Structural unemployment

39. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमुद्रीकरण की घोषणा कब की ?

(A) 8 नवंबर, 2016 (B) 16 नवंबर, 2016

(C) 25 नवंबर, 2015 (D) 8 नवंबर, 2018

When did Prime Minister Narendra Modi announce demonetization ?

(A) 8th November, 2016 (B) 16th November, 2016

(C) 25th November, 2015 (D) 8th November, 2018

40. भारत में मौद्रिक नीति का निर्धारण कौन करता है ?

(A) वित्त मंत्रालय (B) राज्य सरकार

(C) भारतीय रिजर्व बैंक (D) वित्त आयोग

Who decides the monetary policy in India ?

(A) Finance Ministry (B) State Government

(C) Reserve Bank of India (D) Finance Commission



BiharboardQuestionpaper.com

41. इन्नौर बंदरगाह कहाँ स्थित है ?

(A) केरल (B) तमिलनाडु

(C) ओडिशा (D) महाराष्ट्र

Where is Ennore port located ?

(A) Kerala (B) Tamil Nadu

(C) Odisha (D) Maharashtra

42. कहलगाँव तापीय विद्युत केन्द्र किस जिला में अवस्थित है ?

(A) भागलपुर (B) मुंगेर

(C) जमुई (D) कांटी

In which district is Kahalgaon Thermal Power Station located ?

(A) Bhagalpur (B) Munger

(C) Jamui (D) Kanti

43. निम्न में से कौन प्राकृतिक आपदा नहीं है ?

(A) सुनामी (B) बाढ़

(C) आतंकवाद (D) भूकम्प

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following is not a natural disaster ?

(A) Tsunami (B) Flood

(C) Terrorism (D) Earthquake

44. कृष्णाराज सागर बाँध किस नदी पर बना है ?

(A) कृष्णा (B) नर्मदा

(C) कावेरी (D) रिहन्द

On which river is Krishnaraj Sagar dam built ?

(A) Krishna (B) Narmada

(C) Kaveri (D) Rihand

45. भूकंप की लहरें कहाँ से उत्पन्न होती हैं ?

(A) केन्द्र (B) अधिकेन्द्र

(C) ठोस आन्तरिक कोर (D) इनमें से कोई नहीं

From where do earthquake waves originate ?

(A) Focus (B) Epicentre

(C) Solid inner core (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

46. निम्न में से भूकम्प तरंग मापन यंत्र कौन है ?

(A) बैरोमीटर (B) सिस्मोग्राफ

(C) एनीमोमीटर (D) थर्मामीटर

Which of the following is an earthquake wave measuring instrument ?

(A) Barometer (B) Seismograph

(C) Anemometer (D) Thermometer

47. कृषि सुखाड़ होता है

(A) जल के अभाव में (B) मिट्टी के क्षय के कारण

(C) मिट्टी की लवणता के कारण (D) चट्टानों के खिसकने के कारण

Agriculture drought happens

(A) in the absence of water (B) due to soil erosion

(C) due to soil salinity (D) due to rock slide

48. निम्न में से कौन-सा क्षेत्र भूकंप या सुनामी से अधिक प्रभावित होता है ?

(A) वलित पर्वत के क्षेत्र (B) भूपटलीय दरार के क्षेत्र

(C) महासागरीय गर्त (D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following areas is more affected by earthquake or tsunami ?

(A) Fold mountain areas (B) Crust rift zones

(C) Oceanic depth (D) All of these

49. फ्रांसीसी क्रांति कब हुई ?

(A) 1789 (B) 1804

(C) 1871 (D) 1817

When did the French Revolution take place ?

(A) 1789 (B) 1804

(C) 1871 (D) 1817

50. मेजिनी का संबंध किस संगठन से था ?

(A) लाल सेना (B) कार्बोनरी

(C) डायट (D) जालवेरिन

Mazzini was associated with which organization ?

(A) Red Army (B) Carbonari

(C) Diet (D) Zollverein



BiharboardQuestionpaper.com

51. राष्ट्रीय आन्दोलन का केन्द्र जेना विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) इटली (B) जर्मनी

(C) रूस (D) ग्रेट ब्रिटेन

Where is the Jena University, the centre of the national movement located ?

(A) Italy (B) Germany

(C) Russia (D) Great Britain

52. कोसूथ का संबंध किस देश से है ?

(A) ऑस्ट्रिया (B) यूनान

(C) पोलैंड (D) हंगरी

Which country does Kossuth belong to ?

(A) Austria (B) Greece

(C) Poland (D) Hungary

53. रूस में प्रतिनिध्यात्मक संस्था ड्यूमा का गठन कब हुआ ?

(A) 1861 (B) 1867

(C) 1905 (D) 1917



BiharboardQuestionpaper.com

When was the representative body Duma formed in Russia ?

(A) 1861 (B) 1867

(C) 1905 (D) 1917

54. किस संधि के तहत रूस प्रथम विश्व युद्ध से बाहर हो गया ?

(A) फ्रैंकफर्ट का संधि (B) ब्रेस्ट-लिटोवस्क की संधि

(C) वर्साय की संधि (D) पेरिस की संधि

Under which treaty did Russia get out of the First World War ?

(A) Treaty of Frankfurt (B) Treaty of Brest-Litovsk

(C) Treaty of Versailles (D) Treaty of Paris

55. वैज्ञानिक समाजवाद का जनक किसे माना जाता है ?

(A) सेंट साइमन (B) रॉबर्ट ओवन

(C) कार्ल मार्क्स (D) फ्रेडरिक एंगेल्स

Who is considered as the father of scientific socialism ?

(A) Saint Simon (B) Robert Owen

(C) Karl Marx (D) Friedrich Engels



BiharboardQuestionpaper.com

56. निम्न में से क्या पोट्सडम की घोषणा का उद्देश्य था ?

(A) जापान का आत्यसमर्पण (B) अमेरिका का आत्मसमर्पण

(C) वियतनाम की स्वतंत्रता (D) जर्मनी का एकीकरण

Which of the following was the purpose of declaration of Potsdam ?

(A) Surrender of Japan (B) Surrender of America

(C) Independence of Vietnam (D) Unification of Germany

57. निम्न में से कौन भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है ?

(A) नोकिया (B) सैमसंग

(C) इनफोसिस (D) फोर्ड मोटर्स

Which of the following is an Indian Multinational company ?

(A) Nokia (B) Samsung

(C) Infosys (D) Ford Motors

58. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सर्वाधिक लाभ किस क्षेत्र को मिला है ?

(A) कृषि क्षेत्र (B) औद्योगिक क्षेत्र

(C) सेवा क्षेत्र (D) विनिर्माण क्षेत्र



BiharboardQuestionpaper.com

Which sector has got the maximum benefit of foreign direct investment ?

(A) Agriculture sector (B) Industrial sector

(C) Service sector (D) Manufacturing sector

59. वैश्वीकरण का नकारात्मक प्रभाव निम्न में से किस क्षेत्र में देखा गया ?

(A) कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र (B) रोजगार

(C) बैंक (D) उद्योग

In which of the following areas was the negative impact of globalization observed ?

(A) Agriculture and Rural sector

(B) Employment

(C) Bank

(D) Industry

Biharboardquestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

60. गरीबी रेखा निर्धारण हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन न्यूनतम कितनी कैलोरी निर्धारित की गई है ?

(A) 2100 कैलोरी
(B) 2200 कैलोरी
(C) 2400 कैलोरी
(D) 2600 कैलोरी

What are the minimum calories required per person per day in rural areas for determination of poverty line ?

(A) 2100 calories
(B) 2200 calories
(C) 2400 calories
(D) 2600 calories

BiharboardQuestionpaper.com

61. निम्न में से कौन कृषि-आधारित उद्योग नहीं है ?

(A) चीनी उद्योग
(B) चमड़ा उद्योग
(C) सीमेंट उद्योग
(D) वस्त्र उद्योग

Which of the following is not an agriculture based industry ?

(A) Sugar industry
(B) Leather industry
(C) Cement industry
(D) Textile industry



BiharboardQuestionpaper.com

62. 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(A) पी.सी. महालानोबिस (B) दादाभाई नौरोजी

(C) प्रो० मार्शल (D) प्रो० कीन्स

Who wrote the book 'Poverty and Un-British Rule in India'?

(A) P. C. Mahalanobis (B) Dadabhai Naoroji

(C) Prof. Marshall (D) Prof. Keynes

63. निम्न में से किस विधि के अन्तर्गत उत्पादित अंतिम वस्तुओं के मूल्य को जोड़ कर राष्ट्रीय आय की गणना की जाती है ?

(A) आय विधि (B) व्यय विधि

(C) मूल्य योग विधि (D) इनमें से कोई नहीं

Under which of the following methods is the national income calculated by adding the value of final goods produced ?

(A) Income method (B) Expenditure method

(C) Value added method (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

64. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना कब की गई ?

(A) 1975 (B) 1980

(C) 1969 (D) 1982

When was the Regional Rural Bank established ?

(A) 1975 (B) 1980

(C) 1969 (D) 1982

65 1921 में सरकार द्वारा गठित राजस्व आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) इब्राहिम रहिमतूल्ला (B) जे. एम. कीन्स

(C) जमशेदजी टाटा (D) घनश्यामदास बिड़ला

Who was the Chairman of the Revenue Commission set up by the government in 1921 ? biharboardquestionpaper.com

(A) Ibrahim Rahimtoola (B) J. M. Keynes

(C) Jamshedji Tata (D) Ghanshyam Das Birla



BiharboardQuestionpaper.com

66. भारत में प्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब हुई ?

(A) 1948 (B) 1956

(C) 1990 (D) इनमें से कोई नहीं

When was the first industrial policy announced in India ?

(A) 1948 (B) 1956

(C) 1990 (D) None of these

67. 1929 की आर्थिक मंदी का सबसे बुरा असर किस देश पर पड़ा ?

(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) अमेरिका

(C) भारत (D) फ्रांस

Which country suffered the most during the Great Depression of 1929 ?

(A) Great Britain (B) America

(C) India (D) France

68. युद्धोत्तर पुनर्निर्माण के लिए पैसे का इंतजाम करने हेतु किस संस्था का गठन हुआ ?

(A) अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (B) विश्व बैंक

(C) एशियाई विकास बैंक (D) फेडरल बैंक



BiharboardQuestionpaper.com

Which organization was formed to arrange money for post-war reconstruction ?

(A) International Monetary Fund

(B) World Bank

(C) Asian Development Bank

(D) Federal Bank

69. यूरोपीय आर्थिक संघ की मुद्रा क्या है ?

(A) डॉलर (B) पॉण्ड

(C) रुबल (D) यूरो

What is the currency of European economic union ?

(A) Dollar (B) Pound

(C) Rouble (D) Euro

70. 'न्यू इंडिया' समाचारपत्र को किसने शुरू किया ?

(A) महात्मा गाँधी (B) एनी बेसेंट

(C) राजा राममोहन राय (D) मनमोहन घोष



BiharboardQuestionpaper.com

Who started the 'New India' newspaper ?

(A) Mahatma Gandhi (B) Annie Besant

(C) Raja Rammohan Roy (D) Manmohan Ghosh

71. वियना कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

(A) गणराज्यों को पुनर्स्थापित करना

(B) लोकतंत्रों को पुनर्स्थापित करना

(C) राजतंत्रों को पुनर्स्थापित करना

(D) इनमें से कोई नहीं

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

What was the main objective of Vienna Congress ?

(A) Restore republics (B) Restore democracies

(C) Restore monarchies (D) None of these

72. सिकन्दर कहाँ का निवासी था ?

(A) रोम (B) चीन

(C) यूनान (D) मिस्र

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

Where was Alexander from ?

(A) Rome (B) China

(C) Greece (D) Egypt

73. निम्न में से कौन राष्ट्रीय राजनीतिक दल नहीं है ?

(A) भारतीय जनता पार्टी (B) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी

(C) समाजवादी पार्टी (D) बहुजन समाज पार्टी

Which one of the following is not a national political party ?

(A) Bharatiya Janata Party (BJP)

(B) Communist Party of India (CPI)

(C) Samajwadi Party (SP)

(D) Bahujan Samaj Party (BSP)

74. आजादी के समय से ही किस देश में सरकार का लोकतांत्रिक स्वरूप है ?

(A) पाकिस्तान (B) भूटान

(C) नेपाल (D) भारत

Which country has a democratic form of government since its independence ?

(A) Pakistan (B) Bhutan

(C) Nepal (D) India



BiharboardQuestionpaper.com

75. निम्न में से किसने कहा कि धर्म को कभी भी राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है ?

(A) आचार्य विनोबा भावे (B) महात्मा गाँधी

(C) सरोजिनी नायडू (D) राजेन्द्र प्रसाद

Who among the following said that religion can never be separated from politics ? biharboardquestionpaper.com

(A) Acharya Vinoba Bhave (B) Mahatma Gandhi

(C) Sarojini Naidu (D) Rajendra Prasad

76. 'ताड़ी विरोधी आंदोलन' निम्न में से किस राज्य में शुरू किया गया ?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश

(C) आंध्र प्रदेश (D) तमिलनाडु

In which of the following states was the 'Anti-Arrack Movement' started ?

(A) Bihar (B) Uttar Pradesh

(C) Andhra Pradesh (D) Tamil Nadu



BiharboardQuestionpaper.com

77. साइकिल किस राजनीतिक दल का चुनाव चिह्न है ?

(A) राष्ट्रीय जनता दल (B) समाजवादी पार्टी

(C) लोक जनशक्ति पार्टी (D) बहुजन समाज पार्टी

Which political party has the election symbol of cycle ?

(A) Rashtriya Janata Party (B) Samajwadi Party

(C) Lok Janshakti Party (D) Bahujan Samaj Party

78. संविधान का अनुच्छेद 40 किससे संबंधित है ?

(A) समानता का अधिकार (B) जीवन का अधिकार

(C) स्थानीय स्वशासन (D) शिक्षा का अधिकार

What does Article 40 of the constitution deal about ?

(A) Right to Equality (B) Right to Life

(C) Local Self Government (D) Right to Education



BiharboardQuestionpaper.com

79. वेस्ट इंडिज में संघ की स्थापना कब की गई ?

(A) 1958 (B) 1962

(C) 1973 (D) 1975

When was the federation established in the West Indies ?

(A) 1958 (B) 1962

(C) 1973 (D) 1975

80. निम्नलिखित में से कौन संघों के एक साथ आने का उदाहरण नहीं है ?

(A) भारत (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) स्विट्ज़रलैंड (D) आस्ट्रेलिया

Which of the following is not an example of 'coming together' of federations ?

(A) India (B) United States of America

(C) Switzerland (D) Australia



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब / SECTION - B

## इतिहास / History

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** ***$3 \times 2 = 6$***

*Question Nos. 1 to 6 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *$3 \times 2 = 6$*

1. राष्ट्रवाद के उदय में धर्म सुधार आन्दोलन की क्या भूमिका रही ? 2

   What was the role of the religious reform movement in the rise of nationalism ?

2. अठारहवीं शताब्दी में भारत के मुख्य उद्योग कौन कौन-से थे ? 2

   What were the major industries of India in the 18th century ?

3. आर्थिक संकट से आप क्या समझते हैं ? 2

   What do you understand by economic crisis ?

4. बोल्शेविक क्रांति के दो तात्कालिक कारण बताइए। 2

   Give two immediate causes of the Bolshevik Revolution.



BiharboardQuestionpaper.com

5. हिन्द-चीन का अर्थ क्या है ? 2

What is the meaning of Indo-China ?

6. असहयोग आंदोलन क्यों स्थगित किया गया ? 2

Why was the non-cooperation movement suspended ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 7 और 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 7 and 8 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

7. सविनय अवज्ञा आंदोलन के कारणों की चर्चा करें। 4

Discuss the causes of civil disobedience movement.

8. व्यावसायिक पूँजीवाद ने किस प्रकार नगरों के उद्भव में अपना योगदान दिया ? 4

How did commercial capitalism contribute to the emergence of cities ?



BiharboardQuestionpaper.com

# राजनीति विज्ञान / Political Science

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।*** **$2 \times 2 = 4$**

*Question Nos. 9 to 12 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* $2 \times 2 = 4$

9. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की क्या आवश्यकता है ? 2

   What is the need of political parties in a democracy ?

10. सूचना के अधिकार आंदोलन के मुख्य उद्देश्य क्या थे ? 2

    What were the main objectives of the Right to Information Movement ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

11. आर्थिक अपराध को स्पष्ट करें। 2

    Explain economic offence.

12. सत्ता के उर्ध्वाधर वितरण को बताइए। 2

    State the vertical distribution of power.



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 13 एवं 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।** **1 × 4 = 4**

*Question Nos. 13 and 14 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

13. भारतीय संविधान में धर्म निरपेक्ष समाज की स्थापना हेतु क्या प्रावधान किए गए हैं ? विस्तार से बताइए। 4

What provisions have been made in the Constitution of India for the establishment of a secular society ? Explain in detail.

14. राजनीतिक दल देश के विकास में किस प्रकार योगदान करते हैं ? 4

How do political parties contribute to the development of the country ?

## अर्थशास्त्र / Economics

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।** **2 × 2 = 4**

*Question Nos. 15 to 18 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* *2 × 2 = 4*

15. गरीबी के दुष्चक्र की धारणा बताइए। 2

State the concept of vicious circle of poverty.

16. व्यापारिक बैंकों के एजेंसी संबंधी कार्य बताइए। 2

State the agency functions of commercial banks.



BiharboardQuestionpaper.com

17. विश्व व्यापार संगठन के विषय में संक्षेप में बताइए। 2

Briefly describe the World Trade Organization.

18. मुद्रा के उद्भव से उपभोक्ताओं को क्या लाभ हुआ ? 2

What benefits did consumers get from the emergence of money ?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 19 एवं 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 19 and 20 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

19. मुद्रा के कार्यों को विस्तार से बताइए। 4

Explain the functions of money in detail.

20. बिहार राज्य के प्रमुख संस्थागत वित्तीय संस्थाओं के विषय में संक्षेप में बताइए। 4

Briefly describe the major institutional financial institutions of Bihar state.



BiharboardQuestionpaper.com

# भूगोल / Geography

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।** **$3 \times 2 = 6$**

*Question Nos. 21 to 26 are Short Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 2 marks.* *$3 \times 2 = 6$*

21. रबी और खरीफ फसल में अन्तर स्पष्ट करें। 2

    Differentiate between Rabi and Kharif crops.

22. देश के विकास में मानव संसाधन का क्या महत्त्व है ? 2

    What is the importance of human resource in the development of a country ?

23. क्योटो सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ? 2

    What was the major objective of Kyoto conference ?

24. खनिजों की विशेषताएँ बताइए। 2

    State the characteristics of minerals.



BiharboardQuestionpaper.com

25. मृदु जल क्या होता है ? 2

What is soft water ?

26. लैटेराइट मृदा कहाँ पाई जाती है ? इस मृदा में कौन फसलें उपजाई जाती हैं ? 2

Where is laterite soil found ? Which crops are grown in this soil ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 27 एवं 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।*** ***1 × 4 = 4***

*Question Nos. 27 and 28 are Long Answer Type. Answer any one of them. Each question carries 4 marks.* *1 × 4 = 4*

27. ऊर्जा संकट क्या है ? शक्ति संसाधनों के संरक्षण की दिशा में लिए गए प्रमुख प्रयास बताइए। 4

What is energy crisis ? State the major efforts taken in the direction of conservation of power resources.

28. भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में परिवहन और संचार साधनों का क्या महत्व है ? 4

What is the importance of means of transport and communication in the development of Indian economy ?



BiharboardQuestionpaper.com

# आपदा प्रबंधन / Disaster Management

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।** **$2 \times 2 = 4$**

*Question Nos. 29 to 32 are Short Answer Type. Answer any 2 questions. Each question carries 2 marks.* biharboardquestionpaper.com $2 \times 2 = 4$

BiharboardQuestionpaper.com

29. आपदा प्रबंधन क्यों आवश्यक है ? 2

    Why is disaster management necessary ?

30. 'बिहार का शोक' किसे और क्यों कहा जाता है ? 2

    Which is called the 'Sorrow of Bihar' and why ?

31. भूकंप से बचाव के लिए भवन-निर्माण में क्या सावधानी रखनी चाहिए ? 2

    What precautions should be taken in building construction for protection against earthquake ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

32. उपग्रह संचार से क्या अभिप्राय है ? 2

    What is meant by satellite communication ?



BiharboardQuestionpaper.com